न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपगढ़

(प्रथम अपील अधिकारी अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005)

पीठासीन अधिकारी : अवधेश मीना, आई.ए.एस.

प्र.सं. 05/2024

जी.सी.एस.एस. नं. : 2024/20

रेखा रानी अग्रवाल निवासी 81 डी ब्लॉक रायसिंहनगर जिला अनूपगढ़

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी कलैक्ट्रेट एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूपगढ़

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 22.04.2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से हैं कि अपीलार्थी द्वारा यह प्रथम अपील प्रत्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के आधार पर प्रस्तुत की गयी हैं। अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पत्र के संबंध में जवाब प्रतिवेदन तलब किया गया। अति. जिला कलक्टर अनूपगढ़ के पत्रांक एसपीआईओ/आरटीआई/2024/42 दिनांक 07.03.2024 के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अपीलार्थी का आवेदन तहसीलदार रायसिंहनगर से संबंधित होने के कारण तहसीलदार रायसिंहनगर को हस्तांतरित करते हुए अपीलार्थी को सूचित किये जाने से अवगत कराया गया हैं। प्रकरण में तहसीलदार रायसिंहनगर से जवाब प्रतिवेदन तलब किया गया। तहसीलदार रायसिंहनगर के द्वारा अपने पत्रांक/रीडर/2024/1143 दिनांक 01.04.2024 के द्वारा उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर को अपील पत्र प्रेषित किया गया। उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर के पत्रांक/रीडर/आरटीआई/24/3542 दिनांक 05.04.2024 के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपीलार्थी रेखारानी का प्रार्थना पत्र दिनांक 04.04.2024 संलग्न प्रेषित किया। अपीलार्थीया रेखारानी अग्रवाल के द्वारा उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि प्रार्थीया को सूचना की आवश्यक्ता नहीं है, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ऑनलाईन प्रस्तुत आवेदन पत्र को खारिज कर दिया जावे। अतः चूंकि अपीलार्थीया को अब सूचना की आवश्यक्ता नहीं है तथा आवेदन खारिज करने हेतु निवेदन किया गया हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थीया खारिज योग्य हैं।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती हैं। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को सूचनार्थ/पालनार्थ प्रेषित की जावे।

निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 22.04.2024 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Avdhesh Meena
Date: 2024.05.23 17:18:38 IST
Reason: SelfAttested

(अवधेश मीना)
I.A.S
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
अनूपगढ़

जिला कलक्टर
अनूपगढ़

न्यायालय जिला कलक्टर
अनूपगढ़ (राज.)